चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........


दिनांक 17.4.2021 पृष्ठ संख्या 1 कॉलम 1-4

पद ग्रहण • वर्तमान में एचएयू के कुलसचिव पद पर थे, विवि प्रबंधन मंडल के फैसले के बाद संभाली नई जिम्मेदारी


# जिस एचएयू में पढ़े अब उसी के वीसी बने डॉ. कंबोज

भास्कर न्यूज़ | हिसार

डॉ. बीआर कंबोज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के नए वाइस चांसलर बने हैं। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। इससे पहले डॉ. कंबोज इसी विवि के कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। डॉ. कंबोज एचएयू के विद्यार्थी रहे हैं। गत नौ महीने से महाराणा प्रताप बागवानी विवि करनाल के वीसी प्रो. समर सिंह को एचएयू का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हुआ था।


एचएयू के नए वीसी डॉ. बीआर कम्बोज।

## विवि को शैक्षणिक, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है : डॉ. कम्बोज


एचएयू के नवनियुक्त वीसी का स्वागत करते वैज्ञानिक व अन्य।

### मूलरूप से करनाल के दाहा गांव के हैं डॉ. बलदेव राज कंबोज

मूलरूप से करनाल जिले के दाहा गांव के डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला करनाल से पूरी की। इसके बाद एचएयू हिसार से ही स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की डिग्री हासिल की। डॉ. कंबोज को अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट सीआईएमएमवाईटी-आईआरआरआई-सीएसआईएसए में हरियाणा की ओर से तीन साल का हब कोर्डिनेटर का अनुभव है।

### नए वीसी डॉ. बीआर कम्बोज से बातचीत

**Q. आपकी विवि के लिए क्या प्राथमिकता रहेंगी?**

A. विश्व में एचएयू को शैक्षणिक, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। अनुसंधान का कार्य किसानों के हित और आर्थिक दशा को सुधारने के उद्देश्य से होना चाहिए। किसानों की आय दोगुना कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

**Q. छात्रों के हितों में क्या करेंगे?**

A. विवि के छात्र अंतरराष्ट्रीय छात्रों से प्रति स्पर्धा में आगे निकलें, इसके लिए विवि का कई अंतरराष्ट्रीय स्तरीय विवि से एमओयू साइन किया है। उन्हें वहां के शैक्षणिक कार्य के बारे में जानकारी देकर ट्रेंड किया जाएगा।

**Q. वैज्ञानिक या छात्रों को कोई संदेश देना चाहेंगे?**

A. वैज्ञानिक, छात्र मेहनत से किसानों के हित को देखते हुए काम और पढ़ाई करें। विभिन्न ट्रेनिंग के माध्यम से ग्रामीण बेरोजगार युवकों को भी रोजगार देने के लिए विवि प्रयासरत है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम.....दैनिक जागरण.....
दिनांक 17.4.2021....पृष्ठ संख्या....2.........कॉलम.....1-3.......

# आखिरकार एचएयू को मिला स्थायी कुलपति और कुलसचिव, डा. कंबोज ने संभाला वीसी का पदभार

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को आखिरकार स्थाई कुलपति मिल गए हैं। विश्वविद्यालय बोर्ड की बैठक में शुक्रवार कुलपति पद की जिम्मेदारी डा. बीआर कंबोज को दी गई है। इससे पहले वह एचएयू में ही कुलसचिव पद का निर्वहन कर रहे थे। डा. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और कुलसचिव बनने से पहले वे विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके हैं।

वह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के विज्ञानी हैं। उनके बहुत से शोधपत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। मूल रूप से **ग्रामीण अंचल से रखते हैं संबंधः** मूल रूप से करनाल जिले के दाहा गांव के रहने वाले डा. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला करनाल से पूरी की। डा. कंबोज शुरू से ही प्रतिभा के धनी रहे हैं और अपनी शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके बाद चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से ही स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की डिग्री हासिल की। डा. कंबोज को अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट सीआइएमएमवाईटी-आइआरआरआइ-सीएसआइएसए में हरियाणा की ओर से तीन साल का हब कोर्डिनेटर (सीनियर रिसर्च मैनेजर) का अनुभव भी है।



नवनियुक्त कुलपति का स्वागत करते डा. अशोक गोदारा, डा. ओपी बिश्नोई व कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डा. मदन खीचड़ व अन्य। ● विज्ञप्ति

डा. कंबोज को 26 वर्ष से भी अधिक का अध्यापन, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव भी है। इसमें 11 साल से भी अधिक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर का अनुभव शामिल है। इनके पूरे सेवाकाल में विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव भी है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........पंजाब केसरी........

दिनांक 17.4.2021 ....पृष्ठ संख्या.....2.......कॉलम.....7-8......



*नवनियुक्त कुलपति डा. कम्बोज का स्वागत करते वैज्ञानिक।* (नारंग)

# 'डॉ. कंबोज बने हकृवि के नए कुलपति'

हिसार, 16 अप्रैल (पंकेस): डॉ. बी.आर. कंबोज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नए कुलपति होंगे। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। इससे पहले डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और कुलसचिव बनने से पहले वे विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके हैं। उनके बहुत से रिसर्च पेपर अंतरर्राष्ट्रीय स्तर के जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। गौरतलब है कि पिछले 9 महीने से महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति प्रो. समर सिंह को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हुआ था। उन्होंने 16 जुलाई को कार्यभार संभाला था।

**मूल रूप से ग्रामीण अंचल से रखते हैं संबंध:** मूल रूप से करनाल जिले के दाहा गांव के रहने वाले डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला करनाल से पूरी की। डॉ. कंबोज ने हकृवि से ही स्नातक, स्नातकोत्तर और पी.एचडी. की डिग्री हासिल की। डॉ. कंबोज को अंतर्राष्ट्रीय प्रोजैक्ट सी.आई.एम.एम.वाई.टी.-आई.आर.आर.आई.-सी.एस.आई.एस.ए. में हरियाणा की ओर से 3 साल का हब कोर्डिनेटर (सीनियर रिसर्च मैनेजर) का अनुभव भी है। इसके अलावा हरियाणा राज्य से संबंध रखने वाले डॉ. कंबोज को 26 वर्ष से भी अधिक का अध्यापन, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव भी है।

**कुलपति का स्वागत किया:** हकृवि के नवनियुक्त कुलपति डा.कम्बोज ने शुक्रवार रात्रि को पदभार संभाल लिया। इस दौरान डा.अशोक गोदारा एसोसिएट डायरैक्टर ट्रेनिंग, वरिष्ठ गेहूं वैज्ञानिक डा.ओ.पी. बिश्नोई व कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डा.मदनलाल खिचड़ ने कुलपति डा.कम्बोज का स्वागत किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........

दिनांक 17.4.2021...पृष्ठ संख्या.....4.......कॉलम.....2-7.........

जिम्मेदारी — नवनियुक्त कुलपति डॉ. कंबोज का 26 वर्ष से भी अधिक का अध्यापन, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा का अनुभव

# जहां से पढ़ाई की, अब वहीं कुलपति भी बने डॉ. कंबोज

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डॉ. बीआर कंबोज करीब 16 वर्ष की उम्र से ही इस विश्वविद्यालय से जुड़े हुए हैं। उन्होंने इसी विवि से बीएससी की डिग्री ली और फिर एमएससी और फिर पीएचडी की पढ़ाई भी यहीं से की।

विवि से जुड़ने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और इसी विवि को कार्यक्षेत्र के रूप में चुनते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में नियुक्त हुए। शुक्रवार को कुलपति नियुक्त किए जाने से पहले डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। कुलसचिव बनने से पहले वे विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके हैं। वे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक हैं और उनके बहुत से रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। 26 वर्ष से भी अधिक का अध्यापन, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव भी है। इसमें 11 साल से भी अधिक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर का अनुभव शामिल है। उनके शैक्षणिक उपलब्धियों एवं शोध कार्यों की देश ही नहीं बल्कि शैक्षणिक जगत में महती चर्चा है। कृषि विज्ञान जगत में डॉ. बीआर कंबोज का योगदान अहम है। इसी वजह से उनको ये जिम्मेदारी मिली है।



कार्यभार संभालते एचएयू के नवनियुक्त कुलपति डॉ. बीआर कंबोज। ब्यूरो

## मूल रूप से ग्रामीण अंचल से रखते हैं संबंध

मूल रूप से करनाल जिले के दाहा गांव में जन्में डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला करनाल से पूरी की थी। डॉ. कंबोज को अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट सीआईएमएमवाईटी-आईआरआरआई-सीएसआईएसए में हरियाणा की ओर से तीन साल का हब कोऑर्डिनेटर (सीनियर रिसर्च मैनेजर) के पद को सफलतापूर्वक निभा चुके हैं। उनके पूरे सेवाकाल में विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव इनका सबसे ज्यादा रहा।

> विस्तार शिक्षा की गतिविधियों के दौरान मैंने किसानों की आम समस्याओं को जाना है। हमारा मकसद विवि परिवार के साथ मिलकर किसानों की हर छोटी से छोटी समस्या का समाधान करना है, ताकि उनकी आमदनी को बढ़ाया जा सके।
>
> **- डॉ. बीआर कंबोज, कुलपति, एचएयू।**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........ अमर उजाला ........

दिनांक 17.4.2021 ...पृष्ठ संख्या......3.......कॉलम......4-5......

# कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज बने एचएयू के नए कुलपति

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज विश्वविद्यालय के नए कुलपति बनाए गए हैं। शुक्रवार को चंडीगढ़ में हुई विश्वविद्यालय की बोर्ड बैठक में यह फैसला लिया गया।

इससे पहले महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल के कुलपति प्रो. समर सिंह एचएयू के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे थे। करीब छह माह पहले एचएयू के कुलपति केपी सिंह का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। अब कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज को कुलपति बनाया गया है।

डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और कुलसचिव बनने से पहले वे विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके हैं। उन्होंने शुक्रवार को विश्वविद्यालय में नए कुलपति का कार्यभार ग्रहण कर लिया। करनाल के दाहा गांव में जन्मे डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा, करनाल से पूरी की। इसके बाद चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से ही स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की डिग्री हासिल की थी। ब्यूरो

**एचएयू में ही पढ़ाई कर पहले बने कुलसचिव और अब कुलपति**



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम....हरि भूमि....

दिनांक 17.4.2021 पृष्ठ संख्या 9 कॉलम 1-4

नियुक्त | डॉ. बीआर कंबोज हकृवि के नए कुलपति

**विवि कुल सचिव का पद भी संभाल चुके डॉ. कंबोज**

# एचएयू से ही पढ़ाई करने वाले डॉ. कंबोज अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

डॉ. बीआर कंबोज हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नए कुलपति होंगे। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। इससे पहले डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और कुलसचिव बनने से पहले वे विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके हैं। वे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक हैं और उनके बहुत से रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। गौरतलब है कि पिछले नौ महीने से महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति प्रोफसर समर सिंह को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हुआ था। प्रोफेसर समर सिंह ने 16 जुलाई को कार्यभार संभाला था।

■ विवि के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके

## करनाल के दाहा गांव के रहने वाले



मूल रूप से करनाल जिले के दाहा गांव के रहने वाले डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला करनाल से पूरी की। डॉ. कंबोज शुरू से ही प्रतिभा के धनी रहे हैं और अपनी शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके बाद चौधरी चरण सिह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से ही स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की डिग्री हासिल की।

### हब कोर्डिनेटर का अनुभव

डॉ. कंबोज को अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट सी आ ई ए म ए म वा ई टी - आईआरआरआई-सीएसआईएसए में हरियाणा की ओर से तीन साल का हब कोर्डिनेटर (सीनियर रिसर्च मैनेजर) का अनुभव भी है।

इसके अलावा हरियाणा राज्य से संबंध रखने वाले डॉ. कंबोज को 26 वर्ष से भी अधिक का अध्यापन, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव भी है। इसमें 11 साल से भी अधिक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर का अनुभव शामिल है। इनके पूरे सेवाकाल में विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव इनका सबसे ज्यादा है और वे किसानों की आम समस्याओं, उनकी जरूरतों और उनके आर्थिक-सामाजिक स्तर से अच्छी तरह से वाकिफ हैं। कर्मचारी संगठनों ने डॉ. कंबोज को बधाई दी है।

## डॉ. कंबोज होंगे हकृवि के नए कुलपति



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नए कुलपति अब डॉ. बीआर कंबोज होंगे। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। इससे पहले डॉ. कंबोज कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। मूल रूप से करनाल के दाहा गांव के रहने वाले डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा, करनाल से पूरी की है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........दैनिक सवेरा........

दिनांक 17.4.2021...पृष्ठ संख्या.....3.....कॉलम.....7-8.....

# डा. बी.आर. कंबोज होंगे हकृवि के नए कुलपति

**● हकृवि के विद्यार्थी रहे कंबोज वर्तमान में इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर थे कार्यरत**

हिसार, 16 अप्रैल (सुरेंद्र सोढी) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के नए कुलपति डा. बी.आर. कंबोज होंगे। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। मूल रूप से करनाल जिले के दाहा गांव के रहने वाले डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला करनाल से पूरी की। डॉ. कंबोज शुरू से ही प्रतिभा के धनी रहे हैं और अपनी शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके बाद चौधरी चरण सिह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से ही स्नात्तक, स्नातकोत्तर और पी.एचडी.की डिग्री हासिल की। डा. कंबोज को अंतर्राष्ट्रीय प्रोजैक्ट सीआईएमएमवाईटी-आईआरआरआई-सीएसआईएसए में हरियाणा की ओर से तीन साल का हब कोर्डिनेटर (सीनियर रिसर्च मैनेजर) का अनुभव भी है। विश्वविद्यालय में कुलसचिव के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कई विश्वविद्यालय के हित के लिए काम किए हैं।



डा. बी.आर. कंबोज

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........ दैनिक ट्रिब्यून ........

दिनांक .......................पृष्ठ संख्या.......................कॉलम.......................

## डॉ. बीआर कंबोज होंगे एचएयू के नये कुलपति




**हिसार (निस) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सीसीएचएयू) हिसार के नये कुलपति डॉ. बलदेव राज (बीआर) कंबोज होंगे। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। इससे पहले डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। डॉ. बीआर कंबोज इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरियाणा की आवाज | 16.04.2021 | -- | -- |

# डॉ. बी.आर. कंबोज होंगे हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नए कुलपति



हिसार(एस.जैन)। डॉ. बी.आर. कंबोज हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के नए कुलपति होंगे। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। इससे पहले डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी रहे हैं और कुलसचिव बनने से पहले वे विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके हैं। डा. कंबोज एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक हैं और उनके बहुत से रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। पिछले नौ महीने से महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति प्रो. समर सिंह को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हुआ था। प्रो. समर सिंह ने पिछले वर्ष 16 जुलाई को कार्यभार संभाला था।

**मूल रूप से ग्रामीण अंचल से रखते हैं संबंध**

मूल रूप से करनाल जिले के दाहा गांव के रहने वाले डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला करनाल से पूरी की। डॉ. कंबोज शुरू से ही प्रतिभा के धनी रहे हैं और अपनी शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके बाद हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से ही स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की डिग्री हासिल की। डॉ. कंबोज को अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट सीआईएमएमवाईटी-आईआरआरआई-सीएसआईएसए में हरियाणा की ओर से तीन साल का हब कोर्डिनेटर (सीनियर रिसर्च मैनेजर) का अनुभव भी है। इसके अलावा हरियाणा राज्य से संबंध रखने वाले डॉ. कंबोज को 26 वर्ष से भी अधिक का अध्यापन, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव भी है। इसमें 11 साल से भी अधिक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर का अनुभव शामिल है। इनके पूरे सेवाकाल में विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव इनका सबसे ज्यादा है और वे किसानों की आम समस्याओं, उनकी जरूरतों और उनके आर्थिक-सामाजिक स्तर से अच्छी तरह से वाकिफ हैं। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ सामूहिक रूप से अनुसंधान कार्य और विस्तार गतिविधियों के चलते उनके द्वारा की गई सिफारिशों को विश्वविद्यालय की समग्र सिफारिशों में शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय में कुलसचिव के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कई विश्वविद्यालय के हित के लिए काम किए हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार


लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार-पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पान्च बजे | 16.04.2021 | -- | -- |

# डॉ. बीआर कंबोज होंगे हकृवि के नए कुलपति

पांच बजे न्यूज

हिसार। डॉ. बी.आर. कंबोज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के नए कुलपति होंगे। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। इससे पहले डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और कुलसचिव बनने से पहले वे विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके हैं। वे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक हैं और उनके बहुत से रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। गौरतलब है कि पिछले नौ महीने से महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति प्रोफसर समर सिंह को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हुआ था। प्रोफेसर समर सिंह ने 16 जुलाई को कार्यभार संभाला था।



**मूल रूप से ग्रामीण अंचल से रखते हैं संबंध**

मूल रूप से करनाल जिले के दाहा गांव के रहने वाले डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला करनाल से पूरी की। डॉ. कंबोज शुरू से ही प्रतिभा के धनी रहे हैं और अपनी शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके बाद चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से ही स्नातक, स्नातकोत्तर और पी.एचडी.की डिग्री हासिल की। डॉ. कंबोज को अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट सीआईएमएमवाईटी-आईआरआरआई-सीएसआईएसए में हरियाणा की ओर से तीन साल का हब कोर्डिनेटर (सीनियर रिसर्च मैनेजर) का अनुभव भी है। इसके अलावा हरियाणा राज्य से संबंध रखने वाले डॉ. कंबोज को 26 वर्ष से भी अधिक का अध्यापन, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव भी है। इसमें 11 साल से भी अधिक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर का अनुभव शामिल है। इनके पूरे सेवाकाल में विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव इनका सबसे ज्यादा है और वे किसानों की आम समस्याओं, उनकी जरूरतों और उनके आर्थिक-सामाजिक स्तर से अच्छी तरह से वाकिफ हैं। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ सामूहिक रूप से अनुसंधान कार्य और विस्तार गतिविधियों के चलते उनके द्वारा की गई सिफारिशों को विश्वविद्यालय की समग्र सिफारिशों में शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय में कुलसचिव के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कई विश्वविद्यालय के हित के लिए काम किए हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरियाणा टुडे | 16.04.2021 | -- | -- |

# डॉ. बी.आर. कंबोज होंगे चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नए कुलपति

टुडे न्यूज | हिसार

डॉ. बी.आर. कंबोज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के नए कुलपति होंगे। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। इससे पहले डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और कुलसचिव बनने से पहले वे विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके हैं। वे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक हैं और उनके बहुत से रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल में प्रकाशित हुए हैं।

पिछले नौ महीने से महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हुआ था। प्रोफेसर समर सिंह ने 16 जुलाई को कार्यभार संभाला था। मूल रूप से करनाल जिले के दाहा गांव के रहने वाले डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला करनाल से पूरी की। डॉ. कंबोज शुरू से ही प्रतिभा के धनी रहे हैं और अपनी शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके बाद चौधरी चरण सिह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से ही स्नात्तक, स्नातकोत्तर और पी.एचडी.की डिग्री हासिल की। डॉ. कंबोज को अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट सीआईएमएमवाईटी-आईआरआरआई-सीएसआईएसए में हरियाणा की ओर से तीन साल का हब कोर्डिनेटर (सीनियर रिसर्च मैनेजर) का अनुभव भी है। इसके अलावा हरियाणा राज्य से संबंध रखने वाले डॉ. कंबोज को 26 वर्ष से भी अधिक का अध्यापन, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव भी है। इसमें 11 साल से भी अधिक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर का अनुभव शामिल है।


विश्वविद्यालय के नए कुलपति डॉ. बी.आर. कंबोज का फाइल फोटो।

इनके पूरे सेवाकाल में विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव इनका सबसे ज्यादा है और वे किसानों की आम समस्याओं, उनकी जरूरतों और उनके आर्थिक-सामाजिक स्तर से अच्छी तरह से वाकिफ हैं। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ सामूहिक रूप से अनुसंधान कार्य और विस्तार गतिविधियों के चलते उनके द्वारा की गई सिफारिशों को विश्वविद्यालय की समग्र सिफारिशों में शामिल किया गया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| ज०मा०ज० | 16.04.2021 | -- | -- |

# डॉ. बीआर कंबोज होंगे हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नए कुलपति

- वर्तमान में इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर थे कार्यरत, इसी विश्वविद्यालय के रहे हैं विद्यार्थी
- मूल रूप से ग्रामीण अंचल से रखते है संबंध



जनमार्ग न्यूज

हिसार। डॉ. बीआर कंबोज हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के नए कुलपति होंगे। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। इससे पहले डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी रहे हैं और कुलसचिव बनने से पहले वे विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके हैं। डा. कंबोज एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक हैं और उनके बहुत से रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। पिछले नौ महीने से महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति प्रो. समर सिंह को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हुआ था। प्रो. समर सिंह ने पिछले वर्ष 16 जुलाई को कार्यभार संभाला था। मूल रूप से करनाल जिले के दाहा गांव के रहने वाले डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला करनाल से पूरी की। डॉ. कंबोज शुरू से ही प्रतिभा के धनी रहे हैं और अपनी शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके बाद हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से ही स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की डिग्री हासिल की। विश्वविद्यालय में कुलसचिव के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कई विश्वविद्यालय के हित के लिए काम किए हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| है लो हिसार | 16.04.2021 | -- | -- |


# डॉ. बी.आर. कंबोज बने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नए कुलपति

हैलो हिसार न्यूज

**हिसार:** डॉ. बी.आर. कंबोज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के नए कुलपति बने। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। इससे पहले डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और कुलसचिव बनने से पहले वे विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके हैं। वे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक हैं और उनके बहुत से रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने शुक्रवार को विश्वविद्यालय में नए कुलपति का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मूल रूप से करनाल जिले के दाहा गांव में जन्में डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला



करनाल से पूरी की। इसके बाद चौधरी चरण सिह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से ही स्नातक, स्नातकोत्तर और पी.एचडी.की डिग्री हासिल की। डॉ. कंबोज शुरू से ही प्रतिभा के धनी रहे हैं और अपनी शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। डॉ. कंबोज को अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट सीआईएमएमवाईटी-आईआरआरआई-सीएसआईएसए में हरियाणा की ओर से तीन साल का हब कोर्डिनेटर (सीनियर रिसर्च मैनेजर) के पद को सफलतापूर्वक निभा चुके हैं। इसके अलावा हरियाणा राज्य से संबंध रखने वाले डॉ. कंबोज को 26 वर्ष से भी अधिक का अध्यापन, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव भी है। इसमें 11 साल से भी अधिक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर का अनुभव शामिल है। इनके पूरे सेवाकाल में विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव इनका सबसे ज्यादा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 16.04.2021 | -- | -- |

# डॉ. कंबोज होंगे हकृवि के नए कुलपति



### इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहें हैं डॉ. कंबोज

**समस्त हरियाणा न्यूज**

**हिसार।** डॉ. बी.आर. कंबोज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के नए कुलपति होंगे। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। इससे पहले डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और कुलसचिव बनने से पहले वे विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके हैं। वे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक हैं और उनके बहुत से रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। गौरतलब है कि पिछले नौ महीने से महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति प्रोफसर समर सिंह को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हुआ था। प्रोफेसर समर सिंह ने 16 जुलाई को कार्यभार संभाला था।

मूल रूप से करनाल जिले के दाहा गांव के रहने वाले डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला करनाल से पूरी की। डॉ. कंबोज शुरू से ही प्रतिभा के धनी रहे हैं और अपनी शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

इसके बाद चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से ही स्नातक, स्नातकोत्तर और पी.एचडी. की डिग्री हासिल की।

डॉ. कंबोज को अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट सीआईएमएमवाईटी-आईआरआरआई-सीएसआईएसए में हरियाणा की ओर से तीन साल का हब कोर्डिनेटर (सीनियर रिसर्च मैनेजर) का अनुभव भी है। इसके अलावा हरियाणा राज्य से संबंध रखने वाले डॉ. कंबोज को 26 वर्ष से भी अधिक का अध्यापन, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव भी है। इसमें 11 साल से भी अधिक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर का अनुभव शामिल है। इनके पूरे सेवाकाल में विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव इनका सबसे ज्यादा है और वे किसानों की आम समस्याओं, उनकी जरूरतों और उनके आर्थिक-सामाजिक स्तर से अच्छी तरह से वाकिफ हैं। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ सामूहिक रूप से अनुसंधान कार्य और विस्तार गतिविधियों के चलते उनके द्वारा की गई सिफारिशों को विश्वविद्यालय की समग्र सिफारिशों में शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय में कुलसचिव के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कई विश्वविद्यालय के हित के लिए काम किया हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पल पल | 16.04.2021 | -- | -- |


# डॉ. बीआर कंबोज होंगे एचएयू के नए कुलपति

**पल पल न्यूजः हिसार, 16 अप्रैल।** डॉ. बीआर. कंबोज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के नए कुलपति होंगे। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। इससे पहले डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और कुलसचिव बनने से पहले वे विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके हैं। वे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक हैं और उनके बहुत से रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। गौरतलब है कि पिछले नौ महीने से महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति प्रोफसर समर सिंह को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा



हुआ था। प्रोफेसर समर सिंह ने 16 जुलाई को कार्यभार संभाला था। मूल रूप से करनाल जिले के दाहा गांव के रहने वाले डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला करनाल से पूरी की। डॉ. कंबोज शुरू से ही प्रतिभा के धनी रहे हैं और अपनी शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके बाद चौधरी चरण सिह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से ही स्नात्तक, स्नातकोत्तर और पी.एचडी.की डिग्री हासिल की। डॉ. कंबोज को अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट सीआईएमएमवाईटी-आईआरआरआई- सीएसआईएसए में हरियाणा की ओर से तीन साल का हब कोर्डिनेटर (सीनियर रिसर्च मैनेजर) का अनुभव भी है। इसके अलावा हरियाणा राज्य से संबंध रखने वाले डॉ. कंबोज को 26 वर्ष से भी अधिक का अध्यापन, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव भी है। इसमें 11 साल से भी अधिक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर का अनुभव शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी दिल्ली | 16.04.2021 | -- | -- |

# डॉ. बी.आर. कंबोज होंगे हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नए कुलपति



**हिसार,** राज पराशर (पंजाब केसरी) : डॉ. बी.आर. कंबोज हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के नए कुलपति होंगे। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। इससे पहले डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी रहे हैं और कुलसचिव बनने से पहले वे विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके हैं। डा. कंबोज एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक हैं और उनके बहुत से रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। पिछले नौ महीने से महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति प्रो. समर सिंह को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हुआ था। प्रो. समर सिंह ने पिछले वर्ष 16 जुलाई को कार्यभार संभाला था।

**मूल रूप से ग्रामीण अंचल से रखते हैं संबंध:** मूल रूप से करनाल जिले के दाहा गांव के रहने वाले डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला करनाल से पूरी की। डॉ. कंबोज शुरू से ही प्रतिभा के धनी रहे हैं और अपनी शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके बाद हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से ही स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की डिग्री हासिल की। डॉ. कंबोज को अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट सीआईएमएमवाईटी-आईआरआरआई-सीएसआईएसए में हरियाणा की ओर से तीन साल का हब कोर्डिनेटर (सीनियर रिसर्च मैनेजर) का अनुभव भी है। इसके अलावा हरियाणा राज्य से संबंध रखने वाले डॉ. कंबोज को 26 वर्ष से भी अधिक का अध्यापन, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव भी है। इसमें 11 साल से भी अधिक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर का अनुभव शामिल है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम...............सिटी पल्स...............

दिनांक ......................पृष्ठ संख्या......................कॉलम......................

# डॉ. बीआर कंबोज होंगे एचएयू के नए कुलपति

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** डॉ. बी.आर. कंबोज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के नए कुलपति होंगे। यह फैसला आज विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। इससे पहले डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और कुलसचिव बनने से पहले वे विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके हैं। वे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक हैं और उनके बहुत से रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल में प्रकाशित हुए हैं।

## मूल रूप से ग्रामीण अंचल से रखते हैं संबंध

मूल रूप से करनाल जिले के दाहा गांव के रहने वाले डॉ. बलदेव राज कंबोज की प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला करनाल से पूरी की थी। इसके बाद चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से ही स्नातक, स्नातकोत्तर और पी.एचडी. की डिग्री हासिल की थी। डॉ. कंबोज को अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट सीआईएमएमवाईटी-आईआरआरआई व सीएसआईएसए में हरियाणा की ओर से तीन साल का सीनियर रिसर्च मैनेजर का अनुभव भी है। इसके अलावा हरियाणा राज्य से संबंध रखने वाले डॉ. कंबोज को 26 वर्ष से भी अधिक का अध्यापन, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव भी है। इसमें 11 साल से भी अधिक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर का अनुभव शामिल है। इनके पूरे सेवाकाल में विस्तार शिक्षा की गतिविधियों का अनुभव इनका सबसे ज्यादा है और वे किसानों की आम समस्याओं, उनकी जरूरतों और उनके आर्थिक-सामाजिक स्तर से अच्छी तरह से वाकिफ हैं। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ सामूहिक रूप से अनुसंधान कार्य और विस्तार गतिविधियों के चलते उनके द्वारा की गई सिफारिशों को विश्वविद्यालय की समग्र सिफारिशों में शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय में कुलसचिव के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कई विश्वविद्यालय के हित के लिए काम किए हैं।



-फोटो फाईल

**वर्तमान में इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर थे कार्यरत, इसी विश्वविद्यालय के रहे हैं विद्यार्थी**

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| आज समाज | 17.04.2021 | -- | -- |

# कंबोज बने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति



आज समाज नेटवर्क

हिसार। डॉ. बीआर कंबोज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के नए कुलपति होंगे। यह फैसला शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल की बैठक में लिया गया। इससे पहले डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। डॉ. कंबोज इसी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और कुलसचिव बनने से पहले वे विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र यमुनानगर में वरिष्ठ संयोजक रह चुके हैं। वे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक हैं और उनके बहुत से रिसर्च पेपर अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। गौरतलब है कि पिछले नौ महीने से महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति प्रोफसर समर सिंह को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हुआ था। प्रोफेसर समर सिंह ने 16 जुलाई को कार्यभार संभाला था।

बता दें कि मूल रूप से करनाल जिले के दाहा गांव के रहने वाले डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय संघोहा जिला करनाल से पूरी की। डॉ. कंबोज शुरू से ही प्रतिभा के धनी रहे हैं और अपनी शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके बाद चौधरी चरण सिह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से ही स्नात्तक, स्नातकोत्तर और पीएचडीकी डिग्री हासिल की।